सं. प्रशा. 14(10)/9/2011/25।

भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

भूमि तथा विकास कार्यालय

निर्माण भवन, नई दिल्ली

दिनांक 18/3/2019

**निविदा सूचना**

विषयः- भूमि तथा विकास कार्यालय में एक वर्ष की अवधि के लिए बड़े तौलियों, छोटे तौलियों, कार सीट कवर, पर्दों, सोफा सीट कवर तथा झाड़न, आदि की धुलाई तथा ड्राई क्लीनिंग के लिए कोटेशन।

महोदय,

भूमि तथा विकास कार्यालय बड़े तौलियों, छोटे तौलियों, कार सीट कवर तथा झाड़न आदि की धुलाई तथा ड्राई क्लीनिंग के लिए कोटेशन आमंत्रित करता है। इच्छुक पार्टियां निम्नलिखित शर्तों को पढ़े तथा बड़े तौलियों, छोटे तौलियों, कार सीट कवर, पर्दों, सोफा सीट कवर तथा झाड़न आदि की धुलाई तथा ड्राई क्लीनिंग के लिए दरों को दर्शाते हुए अपनी निविदाऐं प्रस्तुत करें। दरें निम्नलिखित प्रकार से उद्धृत की जानी चाहिएः-

1. कोटेशन को भरते समय पर्याप्त सावधानी बरती जाए। सभी दरें कोटेशन में दर्शायी गई मदों के सामने ओवरराइटिंग तथा कटिंग के बिना दिखाई जाएं। विभिन्न मदों की सभी दरों का योग, सभी कालम के अंत में दर्शाया जाए। संक्षेपतः अपूर्ण निविदाओं को रद्द कर दिया जाएगा।

2. किसी भी दशा में कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। भुगतान, बिना किसी क्षति/खराबी के सर्विस की उचित सुपुदर्गी के बाद ही किया जाएगा।

3. किसी सरकारी कार्यालय द्वारा काली सूचीबद्ध की गई कोई फर्म इस निविदा में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होगी। इस आशय का एक वचनबंध कि आपकी फर्म को किसी अन्य सरकारी विभाग द्वारा विवर्जित/काली सूचीबद्ध नहीं किया गया है, निविदा प्रस्तुति के समय देना होगा।

4. एक मुहरबंद लिफाफे में कोटेशन (दर-सूची) को ..02.04.201..को अपराह्न 3 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के पास या कमरा नं. 635-ए, या सूचना सुविधा केन्द्र, गेट नं. 4, निर्माण भवन, नई दिल्ली में जमा कराई जानी चाहिए जिस पर "भूमि तथा विकास कार्यालय में एक वर्ष की अवधि के लिए बड़े तौलियों, छोटे तौलियों, कार सीट कवर, पर्दों, सोफा सीट कवर तथा झाड़न, आदि की धुलाई तथा ड्राई क्लीनिंग के लिए कोटेशन।" अंकित किया गया हो। इन कोटेशनों को उसी दिन वरिष्ठ लेखाधिकारी के कमरा सं. 615-ए, छठा तल, निर्माण भवन, नई दिल्ली में निविदाकार, जो भी उपस्थित होना चाहें, की उपस्थिति में खोला जाएगा।

5. भूमि तथा विकास कार्यालय के पास इस संबंध में बिना कोई कारण बताए निविदा को स्वीकार करने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा। इस मामले में कोई भी अन्य स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी से फोन नं. 23061325 पर प्राप्त किया जा सकता है।

भवदीय,

(रजनीश कुमार झा)
उप भूमि तथा विकास अधिकारी (प्रशासन)

प्रतिः

1. कम्प्यूटर एकक, एन आई सी - कोटेशन आमंत्रित करने के लिए इसे भूमि तथा विकास कार्यालय की वेबसाइट पर डाला जाए।
2. सी पी पी पोर्टल
3. नोटिस बोर्ड, भूमि तथा विकास कार्यालय

उप भूमि तथा विकास अधिकारी (प्रशासन)